सीसीईटी बना स्पोकन ट्यूटोरियल

भिलाई . छत्तीसगढ़ के छात्रों में अंग्रेजी के प्रति जागरूकता एवं प्रसार हेतु इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मुम्बई द्वारा क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीसीईटी) भिलाई को स्पोकन ट्यूटोरियल के लिए रिर्सोस सेन्टर के रूप में प्रारम्भ किया जा रहा है। स्पोकन ट्यूटोरियल, एनएमईआईसीटी, एमएचआरडी भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित, राष्ट्रीय परियोजना के उद्देश्यों के साथ क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सीसीईटी), भिलाई छत्तीसगढ के विभिन्न संस्थानों में निःषुल्क दिनप्रतिदिन मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान कर सकेगें। इसमें प्रशिक्षित छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेगें। महाविद्यालय के कार्यकारी उपाध्यक्ष फादर जोस के वर्गीष एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दिपाली सोरेन ने सीसीईटी महाविद्यालय को आईआईटी मुम्बई द्वारा स्पोकन ट्यूटोरियल के रिर्सोस सेन्टर के रूप में छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए उपलब्ध कराने पर हर्ष व्यक्त किया एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं स्पोकन ट्यूटोरियल सेल के कोऑडिनेटर डॉ सितेन्द्र तॉम्रकार एवं उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।